हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 27.5 डिग्री

11 विश्व योग दिवस : 19 को योग मैराथन और 20 जून..



12 विधायक चंद्रप्रकाश ने असरावां में अंबेडकर...



## कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से हरियाणा कृषि विवि में प्राकृतिक खेती सम्मेलन का आयोजन

# प्राकृतिक खेती न केवल हरियाणा की कृषि को नई दिशा देगी बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी: सीएम

### गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पहले ली किसानों की क्लास, गुरु दक्षिणा के रूप में मांगी प्राकृतिक खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरी दुनिया के लोग वायु, जल व मिट्टी के संरक्षण का संकल्प ले रहे हैं और इन्हें हर प्रकार से प्रदूषण मुक्त करने के उपाय पर विचार कर रहे हैं। इस समय प्राकृतिक खेती इन सभी समस्याओं का समाधान है। प्राकृतिक खेती न केवल हरियाणा की कृषि को नई दिशा देगी, बल्कि पूरे देश के लिए यह प्रेरणा का एक स्त्रोत पर बनेगी। सीएम गुरुवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक खेती सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जब हम खाद्यानों के मामले में आत्मनिर्भर तो हैं, लेकिन इसके लिए हमें बहुत बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी है। रासायनिक खादों के उपयोग से भूमि, जल और वायु दूषित होते हैं। इसलिए हमारी आने वाली पीढ़ियां मजबूत, सशक्त हों, इसके लिए हमें प्राकृतिक खेती की तरफ बढना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2022 में प्राकृतिक खेती योजना का शुभारंभ किया गया और इसमें लगभग 97 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया और इसे हर वर्ष लगातार बढ़ाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के लिए सरकार ने पोर्टल भी शुरू किया है। अब तक इस पोर्टल पर लगभग 1,84,665 किसानों ने 2,73,955 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कराया है।



हिसार। प्राकृतिक खेती सम्मेलन में पुस्तक का विमोचन करते सीएम नायब सैनी, साथ में हैं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अन्य गणमान्य। *फोटो: हरिभूमि*

### थोड़े लालच के लिए धरती को बना दिया जहरीला

राज्यपाल ने कहा कि हमने थोड़े लालच के लिए धरती मां को जहरीला बना दिया है। उन्होंने राजस्थान में दूध पिलाने वाली माताओं पर हुए शोध पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में स्तनपान करवाने वाले 30 महिलाओं पर शोध किया गया, जिनके बच्चे महज एक ही महीने के हुए थे। मां के दूध तथा बच्चों में पेस्टीसाइड की मात्रा पाई गई। यह बेहद चिंताजनक है। बच्चे मंदबुद्धि होने लगे है।

### राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किसानों की क्लास ली

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पहले किसानों की क्लास ली और रासायनिक खेती के कारण हो रहे नुकसान के रूबरू करवाया। इसके बाद आचार्य देवव्रत ने किसानों से गुरु दक्षिणा के बदले रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कही। आचार्य देवव्रत ने कहा कि सारी नहीं तो कम से कम अपने बच्चे और पोता-पोतियों के लिए तो कुछ हिस्से में प्राकृतिक खेती करना शुरू कर दी।

### आचार्य देवव्रत ने अपने अनुभव किए साझा

आचार्य देवव्रत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं प्राकृतिक खेती को अपनाने के कई प्रयास किए और इसके परिणाम अत्यंत सकारात्मक रहे। उन्होंने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल स्वास्थ्यवर्धक फसल उत्पादन का माध्यम है, बल्कि यह मृदा की उर्वरता को बनाए रखती है, जल संरक्षण में सहायक होती है और उत्पादन की लागत को भी काफी हद तक कम कर देती है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी सुरक्षित और पोषणयुक्त भोजन मिलता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन बिलकुल नहीं घटता है।

### प्राकृतिक खेती भविष्य की आवश्यकता

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे मिलकर एक व्यापक रणनीति बनाएं ताकि देश को रासायनिक खेती के दुष्चक्र से बाहर निकाला जा सके और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सके।

### हम डेली खा रहे स्लो पॉइजन: आचार्य देवव्रत

आचार्य देवव्रत ने कहा कि हम डेली स्लो पॉइजन खा रहे हैं। बंजर हो चुकी भूमि में यूरिया, डीएपी व कीटनाशक डालकर हम जबरदस्ती पैदावार ले रहे हैं। इतना जहर खाने के बाद कैंसर, शूगर, हार्टअटैक, किडनी, घुटने की दिक्कत जैसी बीमारियों तो होंगी। आज आठ साल के बच्चे को भी हार्टअटैक होने लगा है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल, विनोद भ्याना, रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व राज्य सभा सांसद डीपी वत्स, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू आदि रहे।

### विधायक जिंदल ने हिसार में प्राकृतिक और जैविक मंडी की घोषणा पर सीएम का जताया आभार



सावित्री जिंदल, विधायक।

हिसार। हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, में आयोजित प्राकृतिक खेती सम्मेलन में हिसार में प्राकृतिक तथा जैविक खेती से उत्पादित फल और सब्जियों के लिए एक विशेष मंडी की स्थापना की घोषणा करने पर आभार जताया है। विधायक जिंदल ने कहा कि यह घोषणा हिसार के किसानों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री की आभारी हूँ कि उन्होंने हिसार को प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मंडी के लिए चुना। यह पहल हमारे किसानों को उनकी प्राकृतिक और जैविक उपज का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेगी और उन्हें एक सीधा बाजार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने आगे कहा कि इस मंडी के स्थापित होने से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी ताजे और रसायन-मुक्त फल-सब्जियां मिलेंगी। जिंदल ने मुख्यमंत्री द्वारा प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपये के प्रोत्साहन और प्राकृतिक और जैविक खेती की उपज की जांच के लिए प्रयोगशालाओं की स्थापना के ऐलान का भी स्वागत किया।

### प्राकृतिक खेती की प्रेरणा लेकर जाएं किसान: मंत्री

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य देवव्रत ने अपने जीवन के अनुभवों को अन्य किसानों के साथ साझा कर प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा देने का का काम कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस सम्मेलन से किसान प्रेरणा लेकर जाएं कि वे प्राकृतिक खेती करेंगे और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### मेयर ने सीएम की घोषणा का किया स्वागत



हिसार। मेयर प्रवीण पोपली ने हकृवि में आयोजित प्राकृतिक खेती सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हिसार में प्राकृतिक खेती और जैविक मंडी की स्थापना किए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। मेयर पोपली ने कहा कि हिसार में प्राकृतिक खेती और जैविक मंडी की स्थापना करने की घोषणा यह हिसार जिले के लिए बड़ी सौगात है इससे लाखों किसानों को बहुत फायदा होगा। इसके साथ ही व्यापार में भी वृद्धि होगी। यह हिसार के लिए गौरव की बात है।

## खबर संक्षेप

### निगरानी समिति की बैठक आयोजित

हांसी। संयुक्त कार्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को उपमंडल स्तरीय निगरानी एवं सतर्कता समिति की बैठक का एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से लागू की गई योजनाओं की गहनता से समीक्षा की।

### लायंस क्लब ने मनाया पर्यावरण संरक्षण दिवस

हांसी। लायंस कल्ब द्वारा श्री पंचायती रामलीला ग्राउंड में पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ के अंतर्गत पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर लायंस प्रधान दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, जुगल किशोर, अशोक भुटानी, नरेश लीखा, अशोक जुनेजा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पत्नी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हांसी। त्रिवेणी कला संगम के प्रधान व रेड क्रॉस सोसायटी के सरपरस्त व 155 बार रक्तदान कर चुके ओम गर्ग ने अपनी धर्मपत्नी बिमला गर्ग के जन्मदिन पर श्री पंचायती रामलीला ग्राउंड में पौधारोपण किया। बिमला देवी ने बताया कि उन्हें पौधारोपण व रक्त दान करने की प्रेरणा उनके पति से मिली है। वह सदैव उन्हें सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं।

### पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

बरवाला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में पौधा वितरण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रांगण में, लैब और क्लीनिक के परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए गए और 35 पौधे वितरित किए गए। ट्रस्ट की पूरी टीम ने इस अभियान को समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताया और संस्था ने तय किया है कि इस बारे में सबसे अधिक जागरूकता आने वाली पीढ़ी में लाने की जरूरत है।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

हांसी। थाना सदर हांसी पुलिस ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ भीमनगर कालोनी निवासी देवीलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना सदर हांसी पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान कुलाना गांव के समीप एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली तो उसके पास अवैध देसी शराब की 12 बोतल बरामद हुई।

### पुलिस ने उमरा में करवाई हॉकी प्रतियोगिता

हांसी। नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गांव उमरा में उमरा, धमाना और उमरा के युवाओं के मध्य हॉकी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें फाइनल मैच में गांव उमरा की और धर्मशाला के युवाओं के बीच हुआ। जिसमें गांव उमरा की टीम ने फाइनल मैच में 6 गोल दाग कर जीत हासिल की।

### जेल में लौटे कैदी के थैले में मिली नशीली गोलियां

हिसार। केंद्रीय कारागार-1 में सुरक्षा कर्मियों द्वारा पैरोल से लौटे गांव खाराखेड़ी निवासी कैदी वीरेन्द्र की तलाशी लेने उसके पास से 620 नशीली गोलियां बरामद हुई है। बताया जाता है कि कैदी अपने साथ दो जोड़ी चप्पल थैले में डालकर लिया था। गहनता से छानबीन में पता चला कि कैदी ने चप्पल फाड़कर उसके अंदर नशीली गोलियों को छुपाया हुआ था।

## भाविप ने स्वर्ग आश्रम में रोपे पौधे

- विश्व पर्यावरण दिवस पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भारत विकास परिषद् शाखा ने गुरुवार को स्वर्ग आश्रम में पांच पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दयानंद महता ने की। पौधरोपण के दौरान उन्होंने बताया पेड़ों में हम सब की जान है और हमे संकल्प लेना है कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का। वहीं शाखा सचिव श्रीचन्द आहूजा बताया कि भारत विकास परिषद ने पेड़ लगाने का अभियान 15 वर्षों से चला रखा है और इस वर्ष भी इस अभियान को दोगुनी गति से जारी रखेंगे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद सदस्य नरेंद्र वर्मा, जगदीश धमीजा, अमित भटनागर, सतबीर कौशिक, सुभाष गर्ग, राहुल खुराना, राजेश खुराना, रामपाल और प्रांतीय संयोजक पर्यावरण राम अवतार सिंह उपस्थित थे।



हांसी। विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर पौधरोपण करते भाविप सदस्य।

### लकड़ी उतारने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, केस

हिसार। सदर क्षेत्र के गांव डोभी में लकड़ी उतारने के मामले में दो पक्षों में विवाद हो गया। झगड़े में दस से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में घायल रविंद्र ने बताया कि कृष्ण अपनी ट्रेक्टर-ट्राली में भरी लकडियां उनकी दीवार के पीछे उतारना चाहता था। रविंद्र के परिवार ने इससे मना कर दिया। इस पर कृष्ण ट्राली वहीं छोड़कर चला गया। बाद में जब रविंद्र के चाचा दलबीर चाय पीने जा रहे थे, तब कृष्ण ने डंडा लेकर उनका पीछा किया। दलबीर दौड़कर अपने घर चले गए। इसके बाद कृष्ण, दलीप, शांति देवी और कमलेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

## टायरों पर रंग कर बनाए डिजाइन

- अतिरिक्त आयुक्त व पार्षद संजय डालमिया ने समर कैंप के प्रतिभागियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम के द्वारा अर्बन एस्टेट 2 के कम्युनिटी सेंटर में वेस्ट टू बेस्ट पर समर कैम्प चौथे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, पार्षद संजय डालमिया, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, सीटीएल प्रदीप जाखड़ रवि सिंधवानी मौजूद रहे। वेस्ट टू बेस्ट समर कैम्प के तीसरे दिन प्रतिभागियों व मौजूद सभी को वेस्ट टू बेस्ट ट्रेनर अचला बंसल ने टायर पर रंगों के द्वारा सुन्दर-सुन्दर डिजाइन बनाना सिखाया। प्रतिभागी बच्चों ने ट्रेनर के साथ मिलकर टायर डिजाइन कर टायर को सुन्दर रूप दिया। इसके अलावा प्रतिभागी बच्चों प्लास्टिक की खाली बोतल को रंग करके सुंदर-सुंदर गमले बनाए सीखा व बनाए। समर कैम्प में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, पार्षद संजय डालमिया, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, ट्रेनर आचल बंसल, डॉ. रिंकू मित्तल, डिम्पल सैनी, कमला सैनी, आरआर गोयल, डॉ जेके डांग, सुशील आदि रहे।



हिसार। टायरों पर कलर करके डिजाइन बनाना सीखते बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### निर्जला एकादशी मनाई जाएगी दो दिन

हिसार। दकैलाश पंचांग निर्माता एवं धर्मगुरु पंडित देव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल में द्वादशी की वृद्धि हुई है। यह 7 जून को द्वादशी तिथि अहोरात्रि व्यापिनी है तथा 6 जून को निर्जला एकादशी दिन-रात व्याप्त है। अतः बहुसम्मत माधवमत के एवं अन्य ग्रंथों के अनुसार गृहस्थियों के लिए 6 जून को तथा संन्यासियों के लिए 7 जून को व्रत करना शास्त्रसम्मत होगा। शास्त्रों में स्पष्ट निर्देश है कि पुत्र-पौत्र से सम्पन्न गृहस्थी के लिए 6 जून को एवं संन्यासी, विरक्त आदि को 7 जून को निर्जला एकादशी का व्रत करना चाहिए।

## नशे को रोकने के लिए करें पुलिस का सहयोग : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

नशा हमारे देश की जड़े खोखली कर रहा है। हमें इसको रोकने के लिए एकजुट होकर कड़े प्रयास करने होंगे। तभी समाज से यह बुराई खत्म होगी। यह बात हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गांव राजथल के शिव मंदिर में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहे। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि सूरजमल गोदारा, रामकुमार शर्मा, चेयरमैन शमशेर कूकन ने पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व डीएसपी राजसिंह लालका को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि काफी युवा नशे की लत में पढ़ कर अपना भविष्य खत्म कर रहे हैं। हमें उन युवाओं को नशे की लत से दूर करके दोबारा से मुख्य धारा में लाना होगा। वही काफी लोग अवैध नशा बेचने का कार्य करते हैं। उनकी पहचान करके उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जो लोग नशा बेचने वालों का नाम बताएंगे उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए पुलिस कड़े प्रयास कर रही है। पुलिस के साथ ग्रामीणों को भी सहयोग करके इस बुराई को जड़ से मिटाने के लिए सहयोग करना चाहिए।



नारनौंद। गांव राजथल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

### रिलायंस पंप के पास शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

बरवाला क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक युवक का शव में पड़ा मिला। मृतक के पास उसकी बाइक भी पड़ी हुई थी। राहगीरों ने जब शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बरवाला के वार्ड नंबर 5 निवासी लगभग 34 वर्षीय सतीश कुमार के रूप में हुई है। सतीश पेशे से ट्रेक्टर ड्राइवर था और बताया जा रहा है कि वह पिछले दो से तीन दिनों से घर नहीं लौटा था। सतीश विवाहित था और उसके दो बेटियां और एक बेटा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के शरीर पर किसी भी गहरे घाव या चोट के निशान साफ तौर पर दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे यह मामला और भी संदिग्ध हो गया है।

## बीएएलएलबी पांच वर्षीय कोर्स में दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ

- इछुक छात्र निर्धारित तिथि के अंतर्गत ले सकते हैं दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेठ छाजू राम विधि महाविद्यालय गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबंधित एक विधि महाविद्यालय है। इसकी स्थापना वर्ष 2003 में एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के लिए की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में बीएएलएलबी पांच वर्षीय कोर्स तथा वर्ष 2020 में एलएलएम दो वर्षीय कोर्सिस शुरू किए गए। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने बताया कि लॉ कॉलेज में बीएएलएलबी के कोर्स में आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई रात 12 बजे तक है। कोई भी इच्छुक विद्यार्थी अगर दाखिला लेना चाहता है तो उसके 12वीं में कम से कम 45 प्रतिशत अंक सामान्य श्रेणी के लिए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।। बीएएलएलबी में कुल 120 सीटें हैं। इन सीटों पर दाखिला मैरिट के आधार पर होगा। ज्ञात रहे कि सेठ छाजू राम विधि महाविद्यालय जाट एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत महाविद्यालय है। इसके प्रधान दिलदार सिंह पूनिया के मार्गदर्शन में यह महाविद्यालय दिन दोगुनी रात चौगुनी प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### समाधान शिविर में प्रधान आशीष गोदारा ने रखी समस्या

## रामपुरा में अवैध पीजी के खिलाफ उठी आवाज

- अवैध पीजी में हो रही गतिविधियों से परेशान मोहल्लावासियों ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रामपुरा मोहल्ला में अवैध पीजी में हो रही गतिविधियों से परेशानी का मामला गुरुवार को समाधान शिविर में भी पहुंच गया। शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा के सामने रामपुरा मोहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आशीष गोदारा (कुकी) ने मौहल्ले की एक गंभीर समस्या को प्रशासन के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई अवैध पीजी (पेइंग गेस्ट हाउस) संचालित हो रहे हैं, जिनमें दिन-रात संदिग्ध और अनुचित गतिविधियां होती हैं। इससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है और सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। गोदारा ने कहा कि इन अवैध पीजी में बिना किसी पंजीकरण और निगरानी के बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस दिशा में सख्त कदम उठाए और अवैध पीजी पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि मोहल्ले का शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण बहाल रह सके।



हिसार। रामपुरा मौहल्ला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आशीष गोदारा (कुकी) समाधान शिविर में अवैध पीजी की शिकायत प्रस्तुत करते हुए।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने जांच के दिए आदेश

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामपुरा मौहल्ला में चल रहे अवैध पीजी की सूची बनाकर तत्काल जांच की जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कोई पीजी अवैध रूप से संचालित पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा




हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों





और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

**ब**च्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी



प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

**पक्षियों में** हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

**ब**च्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोवेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़



**अ**प्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चीटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चीटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चीटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उड़ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र



## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।






**उत्तर :** 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना के दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A

## खबर संक्षेप

### श्री योग दरबार कुटिया का वार्षिक सत्संग कल

**हांसी।** श्री योग दरबार कुटिया ट्रस्ट द्वारा परमहंस श्री योग दरबार का 78वां वार्षिक सत्संग समारोह 7 जून से 14 जून तक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह व शाम को प्रातः 5 से 7 बजे सत्संग परमहंस योग दरबार धौला कुआं कुटिया में होगा। इस सत्संग में धर्म प्रमुख संचालक संत सुखदेवानंद महाराज एवं सर्व संत मंडली अपने मुखारविंद से प्रवचन देंगे। ट्रस्ट के प्रवक्ता राजू ठकराल ने बताया कि 8 जून को स्व. डॉ. रजनी लीखा की याद में लीखा हस्पताल में सुबह 10 बजे निशुल्क मेडिकल शिविर लगाया जाएगा।

### प्रदेश में अपराध बेलगाम : पूनिया

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने हरियाणा में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पूरी तरह बेलगाम हो चुका है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। वजीर सिंह पूनिया ने नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में चिट्टा सरेआम बिक रहा है, जिससे हर रोज कई घरों के चिराग बुझ रहे हैं। सरकार और प्रशासन नशा तस्करों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे।

### एमएसएमई ओडोप बिजनेस समिट 14 से

**हिसार।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन खुदरा व्यापारियों एवं एमएसएमई उद्योगों को विकसित करने एवं उनकी समस्याओं के निवारण के लिए अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आगामी 14-15 जून को आगरा में एमएसएमई ओडोप बिजनेस समिट का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि आज सुक्ष्म, लघु व मझले उद्योग-धंधों को बचाने के लिए आवश्यक है कि एमएसएमई के लिए नियामकीय सहूलियतों, वेतन समर्थन और ब्याज सब्सिडी, कच्चें माल की बढ़ती कीमतों पर रोक जैसी राहत दी जाएं।

### स्टेनो कोर्स के लिए ऑनलाइन दाखिले शुरू

**हिसार।** सैनिक परिवार भवन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2025-26 के स्टेनो हिंदी व स्टेनो अंग्रेजी कोर्स के लिए ऑनलाइन दाखिले शुरू हो गए हैं। कोर्स में दाखिला हरियाणा के भूतपूर्व/सेवारत सैनिकों/भूतपूर्व अर्धसैनिकों/सेवारत अर्धसैनिक बलों के आश्रितों के लिए किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 20 जून तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सैनिक परिवार भवन राजकीय आईटीआई की प्रधानाचार्य राजरानी ने बताया कि उक्त सभी कोर्स एक वर्ष की अवधि के होंगे।

### 19 हजार 395 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की

**हिसार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया की रोकथाम को लेकर गत माह जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग की गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि मई माह के दौरान जिले में 19 हजार 395 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का कोई नया केस नहीं पाया गया हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति में मलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य करवाएं।

### बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप

**आदमपुर।** गांव दडौली के ग्राम पंचायत सरपंच मनोज कुमार ने बिजली निगम कर्मचारियों पर बिल भेजने के मामले में लापरवाही बरतने को आरोप लगाते हुए आदमपुर एसडीओ को शिकायत भेजी दी है। सरपंच ने बताया कि गांव दडौली के जीरो रीडिंग के बिल भेजे गए हैं। इसमें ग्रामीणों में भारी रोष है। निगम की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को हजारों के बिल थोपे गए हैं। सभी ग्राम वासियों ने पंचायत के साथ मिलकर निर्णय लिया है जब तक निगम द्वारा सही रीडिंग नहीं देगा जब तक बिल नहीं दिया जाएगा।

---

प्रतिदिन विवि परिसर से 1.5 टन कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस करके संसाधन में बदला जाएगा

# पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने घर से करनी होगी शुरूआत : एमसी मेहता

विश्व पर्यावरण दिवस पर 'प्लास्टिक प्रदूषण पर पूर्ण विराम' विषय पर आयोजित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। गुजवि में नवनिर्मित 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' का लोकार्पण करते मुख्यातिथि पद्मश्री एमसी मेहता। फोटो : हरिभूमि



हिसार। स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण करते स्वास्थ्य कर्मी नूर मोहमद और सहयोगी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रख्यात पर्यावरणविद एवं रमन मैग्सेसे अवार्डी पद्मश्री एमसी मेहता ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत हमें अपने घरों से करनी होगी, तभी हम इस बारे में दूसरे को जागरूक कर पाएंगे। केवल पांच जून को ही पर्यावरण दिवस मनाकर खानापूर्ति नहीं करनी है, बल्कि हमें हर दिन पर्यावरण दिवस मनाना है।

पद्मश्री एमसी मेहता गुरुवार को यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर 'प्लास्टिक प्रदूषण पर पूर्ण विराम' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सेवानिवृत प्रो. एससी जैन व कुलसचिव डा. विजय कुमार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इससे पूर्व पद्मश्री एमसी मेहता ने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' का लोकार्पण किया। इस केन्द्र से प्रतिदिन विश्वविद्यालय परिसर से 1.5 टन कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस करके संसाधन में बदला जाएगा।

पद्मश्री एमसी मेहता ने कहा कि हमें सरकार के भरोसे नहीं बैठना होगा कि सरकार ही प्रदूषण को रोकेगी बल्कि हमें आम जन को, शिक्षाविदों व युवाओं को इसके प्रति जागरूकता लानी होगी, तभी यह कार्य पूरा हो पाएगा।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष का थीम है प्लास्टिक प्रदूषण पर पूर्णविराम।

यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की मूल आत्मा से जुड़ा हुए एक वैश्विक आह्वान है। हमारी धरती पर प्रतिदिन 1.5 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से अधिकांश सिंगल यूज प्लास्टिक है। यह प्रदूषण नदियों को, समुद्रो को, मिट्टी को और यहां तक कि हमारे शरीर को भी प्रभावित कर रहा है। यह संकट केवल परिस्थितिकी तंत्र का नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के अस्तित्व का संकट बन गया है। ऐसे समय में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल शैक्षणिक केंद्रों तक सीमित नहीं रह सकती। हमें समाधान का केंद्र बनना होगा।

सेवानिवृत्त प्रो. एससी जैन ने अपने संबोधन में कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या एक बड़ी चुनौती है। प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन करके व निष्पादन करके इस चुनौती से निपटा जा सकता है। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। विभाग की डीन एवं अध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' की स्थापना की गई है। मंच संचालन डा. अनीता किरडोलिया ने किया।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाए पौधे

हिसार। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मात्रश्याम में पौधरोपण किया गया। मुहिम के अंतर्गत पीएचसी न्योली कलां के बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता नूर मोहमद और सहयोगी एमपीएचडब्ल्यू नितिन चौधरी के साथ शादी, जन्मदिन, सेवानिवृत्ति, जलवा पूजन और अन्य उत्सव के अवसरों पर पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैला रहे हैं। नूर मोहमद का कहना है कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल, जंगल और जमीन को संरक्षित करना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर सीएचओ डॉ. सुनील, एमपीएचडब्ल्यू प्रेमलता, पंकज सोनी आदि मौजूद रहे।

---

# भाषा उत्सव के प्रतिभगियों ने किया पौधरोपण



हिसार। पौधरोपण करते विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा हिसार में पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें एनएसएस वालंटियर विद्यार्थी एवं भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विद्यालय में पौधरोपण अभियान चलाया जिसमें विद्यालय प्रांगण में सौ के करीब पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कपूर सिंह लोहान ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेव सेवक शाखा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रेखा चहल ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थी द्वारा कुछ पेंटिंग्स एवं पोस्टर्स भी बनाए गए जिसके माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम में पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ, संदीप कुमार, रजनी, विजय पाल, नेहा जांगड़ा, वीरमति एवं अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## एचकेआरएन कर्मियों को वेतन जारी न करने पर की गेट मीटिंग

**हिसार।** जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यकारी अभियंता मंडल नंबर 1 हिसार के आधीन हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का वेतन जारी न करने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता मंडल नंबर 1 के कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्रांच के वरिष्ठ उपप्रधान अशोक शर्मा की व संचालन सचिव राकेश वशिष्ठ ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं बताया कि कार्यालय की लापरवाही के चलते अभी तक हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का वेतन अभी तक जारी नहीं किया गया है। गेट मीटिंग को राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, राज्य के ऑडिटर एवं जिला प्रधान ओमप्रकाश मॉल, दीपक शर्मा, नरेश गौतम, रामू शर्मा, दीपक लोट, पवन, विकास, रमेश मिर्जापुर आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

---

# नागरिक अस्पताल में मनाया पर्यावरण दिवस पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण जरूरी

- प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में पौधारोपण करते अधिकारी व स्टाफ सदस्य।

नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत अधिकारी व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस बनाया और पौधों की देखभाल करने का जिम्मा उठाया। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. बुधराम ने कहा कि पौधे के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती पौधों के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ जरूर लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर उसकी उचित देखभाल भी करनी चाहिए। जन्मदिन शादी सालगिरह पर अन्य खुशी के मौके पर पौधे लगाकर उसे यादगार मनाया जा सकता है। पौधों से वातावरण शुद्ध रहता है। डॉ. बुधराम ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि अभी बरसात का मौसम आने वाला है इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर सभी इसमें अपना-अपना योगदान दे। इस दौरान एसएमओ डॉ. बुधराम सहित सभी अधिकारियों ने पौधे लगाए। पौधारोपण अभियान में एडिशनल एसएसएमओ मेजर डॉ. राजीव तंवर, सीनियर डेंटल सर्जन अधिकारी डॉ. कुलदीप गौरी, डॉ. गुंजन बंसल, ईएनटी सर्जन डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. रश्मि आदि रहे।

# प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक चिंता बना : डॉ. जैन

- टीटीसी में पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि नरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र के पूर्व निदेशक नरेंद्र यादव ने शिरकत की।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. जैन ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत एवं सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है, और हमें इसकी रोकथाम के लिए जागरूक होकर कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि नरेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल नीतियों या सरकारी कार्यक्रमों से नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी से ही यह संभव है। यादव ने समारोह में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की प्रतिज्ञा भी दिलायी।

---

# एडीसी, एसडीएम व अन्य अधिकारियों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा






सिरसा। महंत सुंदराईनाथ अतिरिक्त उपायुक्त को पौधा भेंट करते तथा राकेश भाटिया को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग द्वारा जिले में उम्रदराज पेड़ों की पूजा करवाई गई वहीं अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने श्री सरसाई नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए पौधरोपण किया वहीं एसडीएम डबवाली अर्पित संगल ने डबवाली स्टेडियम में बेडमिंटन, वालीबॉल तथा पर्यावरण बचाओ टीम के सदस्यों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त व एसडीएम ने आमजन से आह्वान किया कि वे धरती को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी संभाल भी करें। एडीसी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाए जाने बहुत जरूरी हैं। यह हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह कम से कम हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाए। श्री सरसाई नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर के महंत सुंदराईनाथ ने अतिरिक्त उपायुक्त को पौधा भी भेंट किया। वन विभाग द्वारा जिले में 12 जगहों पर 75 साल से अधिक आयु के पेड़ों को प्राण वायु देवता मानते हुए विधिविधान के साथ पूजा करवाई गई। जिला वन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वन विभाग के कर्मचारियों ने गांव नेजिया, मिठीसुरेरां, दौलतपुर खेड़ा सहित अनेक स्थानों पर सुबह ही पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार ने 75 साल से अधिक आयु के पेड़ों को प्राण वायु देवता मानते हुए उनके रखरखाव के लिए पेंशन स्कीम शुरू की। इसी वर्ष सर्वे भी किया गया जिसमें सिरसा जिला में ऐसे पेड़ों की संख्या 287 पाई गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहले 2750 रुपए प्रति पेड़ प्रति वर्ष देने का फैसला किया था। 75 वर्ष से अधिक आयु के इन पेड़ों को अब तीन हजार रुपए सालाना दिए जाने का निर्णय लागू हो चुका है।



### पुलिस ने जिले में लगाए सैकड़ों पौधे

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पूरे जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी थाना परिसरों, पुलिस कार्यालयों, चौकियों और पुलिस लाइनों में सैंकड़ों पौधे रोपित किए गए। इस विशेष अभियान के माध्यम से प्रत्येक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ने अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया और इस भावनात्मक पहल को एक सामाजिक अभियान का रूप प्रदान किया। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि माँ के नाम एक पेड़ लगाना केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि यह प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और फतेहाबाद पुलिस इस दिशा में भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और इसमें अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों को जोड़ा जाएगा।

---

पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए गतिविधियों का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा रंगोत्सव 2025 का पांचवां दिन

- बच्चों ने अपने विचारों और कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा और पर्यावरण से जुड़े प्रभावशाली पोस्टर तैयार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। आकार वेल्फेयर सोसायटी के कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विभाग संचालक पवन जिंदल एवं अन्य अतिथि।

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित रंगोत्सव 2025 के पांचवें दिन का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस को समर्पित रहा। इस अवसर पर बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने विचारों और कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा और पर्यावरण से जुड़े प्रभावशाली पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों के माध्यम से न केवल बच्चों ने प्रकृति के प्रति अपने भाव व्यक्त किए बल्कि सभी को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में आकार वेलफेयर सोसायटी ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी बच्चे को एक-एक पौधा भेंट किया गया। संस्था ने बच्चों को इन पौधों की देखभाल करने और एक हरे-भरे भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पर्यावरण केंद्रित आयोजन ने बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को और प्रबल किया। रंगोत्सव 2025 के माध्यम से संस्था लगातार सामाजिक चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति को एक मंच पर लाकर प्रभावशाली बदलाव की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे जिनका एक-एक पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संस्था पूरी टीम, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत से नवीन जैन, विभाग संचालक पवन जिंदल, यस बैंक के अधिकारी सुरेंद्र मित्तल, मुकेश सैनी, निर्मल, विनोद, उमेश, मोहित आदि उपस्थित थे।

### बीड़ बबरान धाम में श्याम संकीर्तन की तैयारियां पूरी

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 6 जून को होने वाले श्याम संकीर्तन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संकीर्तन में दिल्ली से ऐश्वर्य दत्त बबली जी महाराज, आदमपुर से सुनील डाया व हिसार से मास्टर विनोद बिन्नी सहित कई भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जागृत की गई श्याम बाबा की जोत के दर्शन करने का भी अवसर मिलेगा। बीड़ बबरान धाम में 11 दिवसीय अखंड ज्योति अनुष्ठान धूमधाम से चल रहा है। अनुष्ठान की पूर्णाहुति व निर्जला एकादशी के अवसर पर 6 जून को रात्रि 8.30 से प्रभु इच्छा तक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## ग्रीन ग्लोबल ने चलाया पौधरोपण अभियान

**हिसार।** ग्रीन ग्लोबल ग्रुप ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जिंदल चौक व आसपास के सेक्टरों में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान का श्रीगणेश प्रातः नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली ने पौधा लगाकर किया। ग्रुप के सदस्य हरिसिंह ने बताया कि मिल गेट व आसपास के अनेक क्षेत्रों में ग्रुप से जुड़े सभी सदस्यों ने अथक मेहनत करके पिछले छह सालों में 20 हजार से अधिक पौधे लगा दिए।

## पक्षियों के लिए घोंसले लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पक्षियों के लिए घोंसले लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा ने किया। सुमन सलूजा ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि प्रकृति को बचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

### योग मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति का मार्ग : एडीसी

# विश्व योग दिवस : 19 को योग मैराथन और 20 जून को होगी पायलट रिहर्सल

जिला प्रशासन की ओर से योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई, डीसी ने अफसरों के साथ बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा। फोटो : हरिभूमि

जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम आगामी 21 जून को महाबीर स्टेडियम परिसर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति का भी मार्ग है। इसलिए समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से अपील की कि वे इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी करें और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनियां ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय आयोजन किए जाएंगे। 19 जून को योग मैराथन, 20 जून को पायलट रिहर्सल तथा 21 जून को मुख्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**विभागों की लगाई ड्यूटियां**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नगर निगम को स्टेडियम परिसर की सफाई व्यवस्था, जनस्वास्थ्य विभाग को पानी की सुविधा, सिविल अस्पताल को को एंबुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा, डीएचबीवीएन को बिजली आपूर्ति तथा पुलिस विभाग को यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सौंप दी गई है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सुविधा के लिए स्टेडियम में उचित बैरिकेडिंग, बैठने की व्यवस्था, पानी की उपलब्धता, ध्वनि प्रणाली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह, जीएम रोडवेज डॉ मंगल सेन, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी धर्मपाल पूनिया, डीएफएससी अमित शेखावत, डीईईओ निर्मल दहिया, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, डीएसओ नरेश कुमार, बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल आदि उपस्थित रहे।

## बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में मनाया पर्यावरण संरक्षण दिवस



**हांसी।** विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर पौधरोपण करती स्कूल प्राचार्या लवली चावला व अन्य।

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बृहस्पतिवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाली बढ़ाएं ग्लोबल वार्मिंग घटाए विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या, शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर, अध्यापकों के साथ - साथ विद्यार्थियों ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान स्कूल प्रांगण में नीम, तुलसी, आंवला, बरगद, गुलाब, गेंदा आदि पौधे लगाए व वितरित किए गए। विद्यालय के शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने बताया कि बढते हुए पर्यावरण प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बढता हुआ औद्योगिकरण और वनों की कटाई है, जो पृथ्वी पर रह रहे हर जीव को प्रभावित करती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमारे पर्यावरण की रक्षा और बेहतर ग्रह के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का सही समय है। हमारे पास सभी साधन सीमित मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए पृथ्वी, प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा में हम सबको मिलकर सहयोग करना चाहिए।

## सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी ने पर्यावरण दिवस पर बांटे पौधे



**हिसार।** सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। सोसायटी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे भेंट करके हरियाली को बढ़ावा देने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी ऑफ इंडिया के फाउंडर रोहतास कुमार, सोसायटी के वाइस प्रेसिडेंट एवं ग्रीन रेड स्क्वायर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन हिंदू, गर्ल्स विंग की वाइस प्रेसिडेंट साधिका अरोड़ा, अधिवक्ता अनिल काकोडिया, समाजसेवी संजय देव, हरीश अरोड़ा, स्नेह श्योकंद, सुनीता सिंह, रजनी, डिंपल, अनीता जैन, गुंजन, मानसी, योगेश, उमेश, नवीन, कर्नल नेहरा, सुनीता रहेजा, संजीव, कुलदीप दहिया व शुभारंभ शर्मा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओएसजीयू ने पौधे रोपकर बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

- विवि के चांसलर डॉ. गोयल ने किया पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** पौधरोपण के मौके पर उपस्थित कुलपति प्रो. एनपी कौशिक और प्रति कुलपति प्रो. राजेंद्र सिंह छिल्लर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आगाज़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एन.पी. कौशिक और प्रति कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) राजेंद्र सिंह छिल्लर द्वारा पौधरोपण कर के हुआ। उन्होंने परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। इसी के साथ विश्वविद्यालय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. कौशिक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस प्रोग्राम के दौरान डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. सुमेश जैन, डॉ. राकेश धीमान व अन्य सभी विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## कोर्ट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



**हिसार।** पौधरोपण करते जिला एवं सत्र न्यायाधीन अनुराधा साहनी एवं अन्य अधिवक्ता।

**हिसार।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराधा साहनी रहीं। उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने का संकल्प लिया। इस मौके पर बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उप-प्रधान विकास पूनिया, सचिव समीर भाटिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव के अलावा अधिवक्ता महेंद्र नैन, एसएम आनंद, प्रेम चंद मित्तल, जोगिन्दर मल्ही, प्रेम सिंह बिसला, धर्मवीर आर्य, अजय ऐलावादी, अनुज गुप्ता, रीटा नागपाल, अनमोल हरना, ज्योति कालरा, बजरंग इंदल आदि काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# कन्या गुरुकुल में पर्यावरण दिवस लगाया एक पौधा मां के नाम

- कन्या गुरुकुल डोभी में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कन्या गुरुकुल डोभी में पौधरोपण करते माता भूलां देवी, कुलपति आचार्य बलजीत सिंह आर्य एवं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

मेरा युवा भारत हिसार के तत्वावधान में मानव कल्याण वेद प्रचार संस्थान डोभी एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान के सहयोग से कन्या गुरुकुल डोभी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माता भूलां देवी ने फलदार पौधे रोपित किए।

कन्या गुरुकुल के कुलपति आचार्य बलजीत सिंह आर्य ने मानव जीवन में पेड़ पौधों का महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आहवान किया कि एक पौधा मां के नाम हर व्यक्ति को लगाना चाहिए। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। आज समय की जरूरत है पौधरोपण करने की। हमारा पर्यावरण सुरक्षित बनाने और इसे प्रदूषण से बचाने के लिए निरंतर पौधे लगाए जाने चाहिए। इस अवसर पर कपूर सिंह आर्य किरतान, परमजीत सिंह आर्य मुख्याधिष्ठाता कन्या गुरुकुल, मेघराज, साधु राम नोखवाल सहित कन्या गुरुकुल की छात्राएं उपस्थित थी।

**मार्केट न्यूज**

## एनसीसी का उद्देश्य अनुशासित नागरिक तैयार करना : कर्नल सुनील कटारिया।



**हिसार।** शहर से बालसमंद रोड पर स्थित द रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास में आयोजित श्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार द्वारा ग्रुप हेडक्वार्टर रोहतक के दिशा-निर्देशन में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -145 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 04 जून से 13 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कैंप के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया ने एनसीसी कैडेट्स को शिविर के शुभारंभ संबोधन में कहा कि एनसीसी का मोटो एकता और अनुशासन है जो एक कैडेट के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज एनसीसी में 20 लाख कैडेट्स अपनी स्वेच्छा से कार्य कर रहे हैं और यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, इसलिए प्रत्येक युवा को इस संगठन से जुड़ना चाहिए। आज देश के अधिकांश युवा सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों को अपना दोस्त बनाते हैं जो जीवन में कहीं काम नहीं आते। इसलिए शिविर के दौरान अपने नए दोस्त बनाए जा सकते हैं जो आपके जीवन में कहीं न कहीं मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि आप जिस विद्यालय प्रांगण में रहकर अपना शिविर लगा रहे हैं उसे अपना घर समझकर कार्य करें।

# विधायक चंद्रप्रकाश ने असरावां में अंबेडकर भवन में कमरे का किया शिलान्यास

- आदमपुर हलके में 99 करोड़ की लागत से 72 सडक़ों का होगा नवीनीकरण : विधायक चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



**आदमपुर।** असरावां में अंबेडकर भवन में कमरे के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित विधायक चंद्रप्रकाश व अन्य गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

विधायक चंद्रप्रकाश ने गांव असरावां में अंबेडकर भवन में कमरे के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। इस कमरे के निर्माण पर 4.84 लाख खर्च किए जाएंगे। इस दौरान असरावां की सरपंच माया देवी, काफी संख्या में ग्रामवासी, कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व समर्थक भी मौजूद रहे। चंद्रप्रकाश ने गांव असरावां का अवलोकन किया और निर्माणाधीन पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की जर्जर सडक़ों की मरम्मत व नई सडक़ों के निर्माण की मांग हलकावासी काफी समय से कर रहे हैं। अब जल्द ही सडक़ों का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आदमपुर हलके में 99 करोड़ की लागत से 72 सडक़ों के नवीनीकरण को मंजूरी मिल गई है। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि वे आदमपुर के विकास के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि वे हमेशा आदमपुर के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## समृद्ध भारत परिषद ने योगा पार्क में किया पौधरोपण



**हिसार।** सेक्टर 9-11 के योगा पार्क में पौधरोपण करते समृद्ध भारत परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद ने पर्यावरण दिवस पर योगा पार्क सेक्टर 9-11 में पौधरोपण अभियान चलाया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि आज के प्रदूषित भरे वातावरण में पेड़ पौधों की भूमिका सबसे ज्यादा है। साफ सुथरे वातावरण में बीमारियां दूर रहती है तथा स्वच्छ हवा से कई तरह के रोगों से मुक्ति मिलती है। इस मौके पर सचिव डॉ. अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल, बिशम्बर सचदेवा, राजेश गुप्ता, विजय अग्रवाल व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




**पर्यावरण सुरक्षा** अधिक से अधिक पौधे लगाकर हिसार को हरा-भरा करेंगे : मेयर प्रवीण पोपली

संस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक औषधीय पौधे लगाए गए

# स्वदेशी जागरण मंच ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान



**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में उपस्थित मेयर प्रवीण पोपली व अन्य अतिथिगण एवं मंच के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत संस्थान के प्रांगण में विभिन्न पौधे रोपकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील गाबा ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक औषधीय पौधे लगाए गए। इन पौधों की समुचित देखभाल व संभाल का भी संकल्प करवाया गया।

**पौधे लगाने के बाद सुरक्षा का लिया संकल्प**

इस दौरान मुख्यातिथि प्रवीण पोपली ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर हिसार को हरा-भरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन पौधों को नियमित रूप से पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने एवं सुरक्षा की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पेड़-पौधों का महत्व समझना जरूरी है क्योंकि पेड़-पौधों से ही मनुष्य का जीवन संभव है। पेड़ों से ही पर्यावरण संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर पर्यावरण गतिविधियों के संयोजक डॉ. संजीव शर्मा, हकृवि से डॉ. संदीप आर्य, भूपेंद्र कुमार, संजय कुमार, तरुण शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, मनीष गर्ग, राजेश गौतम, सुनील दत्त, जितेंद्र रोहिल्ला व अजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल, डॉ. राकेश चराया, दिनेश चुघ, विनय असीजा, निर्मल बादल, सोनिया श्योदान, प्रदीप बामल, ओम विष्णु, प्रो. अनिल, पुनीत खुराना, सुमन ऐरन, सोनू गोयल, स्नेहलता, प्रदीप बामल व अभिषेक सोलंकी भी मौजूद रहे।